सदस्यता अभियान कार्यशाला आयोजित

चूरू, (का.सं.)। भाजपा की चूरू विधानसभा के खांसोली, बूटियां, धण्टेल बीनासर मण्डलों की सदस्यता अभियान कार्यशाला आयोजित हुई।

जिसमें कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पण एवम् राष्ट्रगीत से हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सदस्यता अभियान पार्टी का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है और इस अभियान से पार्टी में गतिशिलता आती है। उन्होने कहा कि यह अभियान दो सितम्बर से पूरे देशभर में प्रारंभ हो जायेगा। जिसके तहत सभी कार्यकर्ताओ को पुनः सदस्य बनना अनिवार्य होगा। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। इस पार्टी के पास नीति भी है और नियत भी है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा विश्व का सबसे लोकप्रिय नेता जिस पार्टी के पास हो उस पार्टी के कार्यकर्ता अपने आप पर गौरव कर सकते है। उन्होने कहा कि यह वही पार्टी है। जिसमें सामान्य से सामान्य कार्यकर्ता को अपनी काबलियत के बल पर आगे बढ़ने का मौका मिलता है। इस पार्टी ने देश को अटल बिहारी वाजपेयी व नरेन्द्र मोदी जैसे प्रधानमंत्री दिये है।

रास्ते में भरे गंदे पानी से आम लोग परेशान

पाटन, (निसं)। जिले के समीपवर्ती ग्राम पंचायत भूदोली के वार्ड नंबर 11 और 14 में मालियों की ढाणी जाने वाले आम रास्ते में गंदा पानी जमा होने से लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव में प्राचीन बालाजी के मंदिर में जाने के लिए भी इसी रास्ते से होकर जाना पड़ता है, ऐसे में बालाजी के जाने वाले भक्तों को गंदे पानी से होकर जाना पड़ रहा है। लोगों ने मुख्य रास्ते में एकत्रित गंदे पानी के जमावड़े की शिकायत ग्राम पंचायत को भी की गई,

■ **प्राचीन बालाजी के मंदिर में जाने के लिए भी इसी रास्ते से होकर जाना पड़ता है**

उसके बावजूद भी मुख्य मार्ग में गंदा पानी भरा हुआ है। लोगों ने बताया की सफाई के नाम पर ग्राम पंचायत में बहुत पैसा आता है, परंतु यह पैसा जाता कहां है इसका पता ही नहीं चलता। गंदा पानी जमा होने के कारण बरसात के मौसम में मच्छरों का जमावड़ा भी हो गया है,

ग्राम पंचायत भूदोली के वार्ड नंबर 11 और 14 में मालियों की ढाणी जाने वाले आम रास्ते में गंदा पानी जमा होने से लोगों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ऐसे में मौसमी बीमारियों के साथ साथ अन्य बीमारी फैलने का भी भय बना हुआ है।

इस दौरान रोहिताश कसाणा खोरा, चेतराम सैनी खोरा वाले बालाजी महाराज, शिवपाल सैनी, सीताराम सैनी, बजरंग लाल सैनी, फूलचंद सैनी, श्री राम खटाणा, निवास सैनी, सूणाराम सैनी, कैलाश सैनी, हजारीलाल सैनी, ओम प्रकाश सैनी, राम प्रताप सैनी, फूलचंद हलवाई, कैलाश स्वामी, ग्यारसी लाल सैनी उपस्थित रहे।

रोगियों को एक माह की दवाईयां दी

झुंझुनूं, (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को मधुमेह चिकित्सा शिविर के अंतर्गत स्वर्गीय सेठ परमेश्वरलाल खेतान की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र एसपी खेतान एंड ब्रदर के आर्थिक सौजन्य से पंसारी लॉयंस अस्पताल बगड़ रोड झुंझुनूं पर मधुमेह चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।

जिसमें 64 रोगियों का पंजीयन कर लॉयन डॉ. एनएस नरूका व लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल द्वारा लिखी गई दवाइयां एक माह की निशुल्क प्रदान की गई। लॉयंस क्लब के तत्वावधान में ही बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर के अंतर्गत 24 रोगी का पंजीयन कर लॉयन डॉ. एनएस नरुका व लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां क्लब मेडिसिन बैंक से सात दिवस की रोगियों को निशुल्क प्रदान की गई। मधुमेह चिकित्सा शिविर के संयोजक लॉयन महिपाल सिंह व बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर के संयोजक लॉयन सुरेश कुमार मोदी थे। चिकित्सा शिविर में एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा, क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, लॉयन शिवकुमार जांगिड़, लॉयन भागीरथप्रसाद जांगिड़, एमजेएफ नरेंद्र व अन्यजन उपस्थित रहे।

सार-समाचार

ग्राम घांघू में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

चूरू, (कासं)। निकटवर्ती ग्राम घांघू में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पीसीसी सचिव मुस्ताक ने अध्यक्षता कर रहे डॉ अहसान गौरी व घांघू ग्राम के वरिष्ठ नेतागण जयचंद मेघवाल पूर्व उप सरपंच लखेंद्र सिंह, पूर्व पंचायत समिति सदस्य, समाजसेवी अनवर खान, बरकत खान ने किया। ग्रामवासियों द्वारा पधारे सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुस्ताक खान ने कहा ऐसी प्रतियोगिताओं से नए आने वाले खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है और आगे बढ़ने का अवसर प्रदान होता है। खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुऐ जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। हार जीत खेल का हिस्सा होता है। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथियों पुलकित चौधरी लोहिया कॉलेज, पूर्व सचिव आसिफ खान, युवा नेता गुलजार खान, अमजद खान, अनीश खान, हनुमान , खुशी मोहमद कुरैशी, तौफीक कुरैशी, हारून खान, अरबाज खान , विक्रम गोदारा, अंकुश फगेडीया , रजनीश गोदारा का मालायर्पण क्रिया गया।प्रतियोगिता का उदघाटन मैच चूरू व खंसोली के मध्य खेला गया। जिसमें खांसोली जीत दर्ज की। प्रतियोगी के आयोजक जावेद खान व मनवर खान ने बताया की प्रतियोगिता में तीस से ज्यादा टीमें भाग ले रही हैं। संचालन सफी मोहम्मद पीटीआई ने किया।

सदस्यता अभियान को लेकर हुई चर्चा

झुंझुनूं, (निसं)। भाजपा किसान मोर्चा जिला झुंझुनूं की सदस्यता अभियान को लेकर किसान मोर्चा भाजपा जिला झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष रतनसिंह तंवर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन कबीर टीला बालाजी मंदिर गांधी चौक वार्ड नंबर 25 चिड़ावा में संपन्न हुई। बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए रतनसिंह तंवर ने बताया कि किसान मोर्चा जिला झुंझुनूं को अधिक से अधिक सदस्य बना कर प्रदेश नेतृत्व ने जो टारगेट दिया है। उसे पूर्ण करना है। प्रत्येक जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष तथा विधानसभा संयोजक और विधानसभा प्रभारियों को कम से कम 100 सदस्य बनना आवश्यक है। बैठक को झुंझुनूं जिला किसान मोर्चा के सह संयोजक संदीप पारीक ने भी संबोधित किया तथा अधिक से अधिक सदस्य बनाने पर जोर दिया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष ईश्वरसिंह झेरली, जिला उपाध्यक्ष दिनेश दाधीच, जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह नांगल, जिला मंत्री तथा सूरजगढ़ विधानसभा प्रभारी जोगेंद्र मान, सूरजगढ़ विधानसभा संयोजक प्रवीण चौधरी, खेतड़ी विधानसभा प्रभारी महेंद्र जांगिड़, मंडल अध्यक्ष सूरजगढ़ शहर राजपाल काजला, पिलानी शहर अध्यक्ष अशोक शर्मा, लाखू मंडल अध्यक्ष होशियार सिंह कुहाड़वास, मंडल अध्यक्ष रामसिंह यादव, मंड़ेला मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह, मनोज सैनी बगड़, विशाल सैनी, हनुमान सिंह आदि उपस्थित रहे।

जिला कर सलाहकार संघ की बैठक

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर रविवार को जिला कर सलाहकार संघ चूरु कि बैठक सांवरमल शर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें पंकज हारित, एडवोकेट को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर चयन किया जा कर नवीन कार्यकारिणी का का गठन किया गया। उपाध्यक्ष पद पर सीए विनोद भार्गव , सचिव पद पर संजीव कुमार वर्मा एडवोकेट व कौषाध्यक्ष श्याम सुंदर जालुका एडवोकेट चुने गए। बैठक में जिला कर सलाहकार संघ चूरु के सांवरमल शर्मा, विनोद तँवर, आशुतोष पुरोहित रतनगढ़, रमेश प्रजापत, सुरेश औझा, पुरषोत्तम शर्मा, अमरवीर सिंह शेखावत, बिहारी लाल सैनी, पवन कुमार सैनी तारानगर, हरीश बालाण, सुनील कुमार सैनी, विनोद रॉय तंवर, मुकेश कुमार भार्गव, मोहनलाल महर्षि रतनगढ़, विष्णुकुमार अग्रवाल, र्निमल कुमार वर्मा, दिव्याशं भॉवसिंहका, भिकमचंद बगड़िया, प्रियांश भॉवसिंहका, राजेश भॉवसिंहका, सूनील कुमार ढंढ, सीए दीपक अग्रव, रुपेश सोनी, कमलेश बाजोरिया, राजेश शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, सीए लोकेश जालान, अकरम हुसैन, दीपक शम, जयकान्त बिवाल रतनगढ़, विनोद कुमार तेंवर आदि सदस्यो कि उपस्थिति रहे।

लेख प्रतियोगिता में आरजू प्रथम

चूरू, (का.सं.)। पर्यावरण प्रेमी शिक्षक अमरसिंह किशनावत ने अपने जन्मदिवस पर जिला स्तरीय सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता संयोजक मनीषा चारण ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के लेखन कौशल का विकास करना है और सुंदर लेखन व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाने में भी सहायक है। प्रतियोगिता निर्णायक बुधवाली प्रधानाचार्य गिरधारी लाल स्वामी के अनुसार इस प्रतियोगिता में चूरू, रतनगढ़, सरदारशहर और राजलदेसर से दो सौ सत्रह विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आरजू खान बुधवाली ने प्रथम, राधिका पारीक नाकरासर ने द्वितीय और ऐश्वर्या प्रजापत राजलदेसर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अमरसिंह किशनावत ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को शीघ्र ही सम्मानित किया जाएगा।

सुरेंद्र को मोहन आलोक साहित्य सम्मान

चूरू, (कासं.)। साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित स्थानीय प्रयास संस्थान अपने पुरस्कार, सम्मानों की शृंखला में चूरू अंचल के स्थानीय साहित्यकारों, साहित्य सेवियों के लिए अंचल में जन्मे प्रख्यात साहित्यकार मोहन आलोक की स्मृति में स्थापित मोहन आलोक साहित्य सम्मान की कड़ी में वर्ष 2024 के लिए चूरू निवासी साहित्यकार सुरेंद्र पारीक रोहित को सम्मानित करेगा। प्रयास संस्थान के सचिव कमल शर्मा ने बताया कि पंद्रह सितंबर रविवार को चूरू में सम्मान स्वरूप शॉल, श्रीफल, साफा, प्रतीक चिह्न आदि प्रदान कर सम्मान्य साहित्यकार रोहित की सेवाओं को सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले साहित्यकार शंकर लाल झकनाड़िया को भी यह सम्मान प्रदान किया जा चुका है।

आईएएस पंडित चतुर्वेदी की पुण्यतिथि मनाई

चूरू, (कासं)। रतननगर में बीकानेर संभाग के प्रथम आईएएस पंडित राधा कृष्ण चतुर्वेदी की 51वीं पुण्यतिथि रविवार को समारोह पूर्वक मनाई गई।

इस अवसर पर अतिथियों ने रतन नगर सर्किल स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण, पालिका अध्यक्ष निकिता गुर्जर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पवन यादव, समाजसेवी अखिलेश चतुर्वेदी, डॉ. आयुष चतुर्वेदी व अक्षत चतुर्वेदी थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता मुरारीलाल महर्षि ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए प्रेरणा का दिन है क्योंकि अपने लिए तो जीवन सब लोग जीते हैं परंतु परमार्थ के लिए अपने गांव, समाज व अपनी जन्म भूमि के लिए जीने वाले बहुत कम लोग हैं। उन्होंने कहा कि पंडित राधाकृष्ण चतुर्वेदी एक कुशल व्यक्तित्व के धनी थे। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि एक गांव और गरीबी रेखा से ऊपर उठकर अपने क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाले चतुर्वेदी बीकानेर संभाग के प्रथम आईएएस थे। उन्होंने कहा कि ऐसी हस्तियों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर.के चतुर्वेदी के पौत्र अखिलेश चतुर्वेदी ने कहा कि व्यक्ति की इच्छा शक्ति से अपने परिवार के साथ.साथ अपने समाज, गांव और क्षेत्र का विकास किया जा सकता है। चतुर्वेदी ने बताया कि पंडित आर.के चतुर्वेदी की कार्य कुशलता को देखते हुए बीकानेर स्टेट के तत्कालीन महाराजा शार्दुल सिंह ने उन्हें इंस्पेक्टर जनरल कस्टम एंड एक्साइज बनाया था और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें डायरेक्टर सिविल सप्लाइज की जिम्मेदारी दी थी।

हाईजेनिक बेबी किट वितरण किए

झुंझुनूं, (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता वात्सल्य के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनूं द्वारा स्वर्गीय निरंजनलाल केडिया परिवार के सौजन्य से भगवान दास खेतान अस्पताल झुंझुनूं की जनाना विंग में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 70 हाइजीनिक बेबी किट संक्रमण की रोकथाम के लिए वितरण किए गए।

कार्यक्रम में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नयन, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन भालोठिया, संस्था चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, जोन ट्रेजरार शिव प्रसाद महर्षि, प्रदीप शुक्ला, सुभाष जोशी, हरिप्रसाद जांगिड़, अशोक शर्मा, एनआरआई मुबारक अली पहाड़ियान, वीर मोहम्मद जासीम, फहीम सिद्दीकी, मोहम्मद यासीन, एवं काफी संख्या में अस्पताल स्टाफ वीर एवं वीराएं मौजूद रहे।

राठौड़ ने मुख्य गोगामेड़ी की चार दीवारी का शिलान्यास किया

चूरू, (कासं)। निकटवर्ती कस्बे रतननगर के वार्ड 03 स्थित मुख्य गोगामेड़ी में जन सहयोग से बनायी जा रही चार दीवारी का शिलान्यास रविवार को पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण के मुख्य आतिथ्य में समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस दौरान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर चार दीवारी का शिलान्यास किया। इस अवसर पर कस्बे वासियों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि कस्बे के लोगों द्वारा जन सहयोग से किया जा रहा कार्य एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की इच्छा शक्ति और मेहनत से कोई भी कार्य कठिन नहीं होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों से दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर रतननगर चैयरमेन

रतननगर कस्बे में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ व चूरू विधायक हरलाल सहारण ने गोगामेड़ी की चारदीवारी का शिलान्यास किया।

निकिता गुर्जर, पूर्व चेयरमैन गोविन्द प्रसाद शर्मा, रामनिरंजन झिकनाडिया, गोगामेड़ी भगत पुर्णमल, राजेंद्र धीरेन्द्रा, संपत तंवर, विनोद शर्मा पटवारी, संतोष परिहार, केसी सोनी, गोपाल जालान, केडी प्रजापत, चंद्राराम गुरी, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण, दीनदयाल सैनी, सुशील लाटा, नरेंद्र सैनी सहित बड़ी संख्या में कस्बें के लोग मौजूद थे।

आज से आपके द्वार दस्तक देगा स्वास्थ्य दल

झुंझुनूं, (निसं)। मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए जिले में सोमवार से स्वास्थ्य दल, आपके द्वार अभियान का दूसरा चरण शुरू होगा। जिसमें स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों का भी अहम योगदान रहेगा। इसे लेकर विभाग की ओर से संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं।

कार्यवाहक सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने बताया कि बारिश के इस मौसम और पूर्व आंकड़ों को देखें तो पता चलता है कि अगस्त, सितंबर व अक्टूबर माह में डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियां ज्यादा फैलती हैं। इसलिए मच्छरों के फैलाव को रोकने और बीमारियों की रोकथाम के लिए जिले में पांच अगस्त से स्वास्थ्य दल, आपके

■ **मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य दल, आपके द्वार अभियान का दूसरा चरण**

द्वार अभियान का दूसरा चरण शुरू किया जा रहा है। जो आगामी 30 सितम्बर तक लगातार चलेगा। इस दौरान टीमें मच्छरों से निजात पाने के उपायों के साथ ही मौसमी बीमारियां फैलने से रोकने के लिए आमजन को जागरूक करेंगी। विभाग की ओर से जिला मुख्यालय सहित खंड स्तर पर टीमों का गठन किया गया है। जो घर घर जाकर सर्वे एवं एंटी लार्वा गतिविधि करेंगी। वहीं बुखार के मरीजों को चिह्नित करने व आमजन को जागरूक करने आदि का कार्य किया जाएगा। टीमों में डीबीसी, शहरी आशा सहयोगिनी, नर्सिंग स्टूडेंट्स एवं एएनएम शामिल होंगी। स्वयंसेवी संगठन व सामाजिक संस्थाएं भी सहयोग कर सकती हैं। अभियान के दौरान रेन बसेरा, हॉस्टल, सार्वजनिक क्षेत्र, पार्क व मंदिर आदि क्षेत्रों में भी गतिविधियां की जाएंगी।

डॉ. भंवरलाल सर्वा ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से स्थानीय निकायों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अभियान के दौरान आवश्यक गतिविधियां करें। जिसमें नाले-नालियों की सफाई, खड़े पानी आदि में एमएलओ डालना, फॉगिंग करवाना, प्रचार प्रसार करना आदि शामिल है।

शंकरदास महाराज की पुण्यतिथि मनाई

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं संतों व सिद्ध महात्माओं की धरा रही है। इसी क्रम में वाणी सिद्ध श्री शंकरदास जी महाराज की 35वीं पुण्यतिथि पर विशेष पूजा अर्चना के साथ महाराजश्री का विशेष शृंगार किया गया। तत्पश्चात भजन कीर्तन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें महाराजश्री के अनन्य भक्तों के साथ श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महाराजश्री के सानिध्य प्राप्त श्रद्धालु बताते हैं महाराज वचन सिद्ध संत थे। मुंबई, नेपाल, हैदराबाद, बैंगलुरू, सूरत व कोलकाता में महाराजश्री के अनन्य भक्त है। कार्यक्रम संयोजक पवन पांडेय ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शामिल श्रद्धालुओं तांता लगा रहा। इस अवसर पर सत्यापित पांडेय, झाबर पुजारी, मीलेश सहल आदि मौजूद रहे।

सिलाई मशीन व पाठ्य सामग्री का किया वितरण

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर चूरू नागरिक संघ मुंबई के तत्वाधान में श्री दिगंबर जैन गेस्ट हाउस, चूरू में जरूरतमंद व सिलाई कर आजीविका करने वाली महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की गई ।

जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण ने सभी सिलाई मशीन वितरित करते हुये कहा कि चूरू प्रवासियों का अपनी मातृभूमि के प्रति स्नेह व समर्पण बताता है कि इस तरह के शिक्षा व रोजगार तथा चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा कर चूरू में सामाजिक उत्थान किया जा सकता है। संघ के इस पुनीत कार्य से अन्य प्रवासियों को प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में प्रो एल एन आर्य ने भी संबोधित किया। इसी के साथ सहदेव चौधरी प्राथमिक विद्यालय नई सड़क एवं आपणी पाठशाला देपालसर रोड मैं लगभग 500 विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूल बैग और नोट बुक्स शिक्षण सामग्री वितरित की गई। विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य कामना की गई। कार्यक्रम में शिक्षाविद प्रोफेसर कमल कोठारी, संघ के अध्यक्ष सुभाष चौधरी, ओंकारमल चौधरी, सचिव शिवकुमार भाऊवाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष एम गोपाल बालाण ने भी सभी संघ के कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किया। कार्यक्रम में मुम्बई से पधारे अध्यक्ष सुभाष चौधरी, सचिव रवि प्रकाश बगड़िया, सुनील सरवागी, पवन हालन, किशन बगड़िया, चूरू नगरिक संघ के अन्य पदाधिकारी एवं चूरू से शहर अध्यक्ष दीनदयाल सैनी, भीखू बगड़िया व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन के सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी हुए सरीक

सरदारशहर, (निसं)। कम्मा गेस्ट हाउस में परशुराम रक्षक दल द्वारा संचालित ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन का तहसील स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा दीपप्रज्वलन कर किया गया। समारोह में तहसील के पुजारियों

■ **निर्धन एवं दुर्बल वर्ग के विप्र बच्चों के शैक्षिक उन्नयन के लिए सहयोग व सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु कार्य करने का आव्हान किया**

का सम्मान दुपटा, शॉल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित मनोहरलाल शर्मा ने बताया कि संगठन संपूर्ण विश्व में विप्र हितों के लिए काम कर रहा है और समाज के उत्थान के लिए छ न्याती समाज में आपसी विवाह संबंध, निर्धन एवं दुर्बल वर्ग के विप्र बच्चों के शैक्षिक उन्नयन के लिए सहयोग, निर्धन

समारोह में तहसील के पुजारियों का सम्मान दुपटा, शॉल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया।

कन्याओं के विवाह एवं सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु कार्य कर रहा है। आज के इस युग में सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार एवं विप्र गौरव को वापस लौटाने के लिए हमें एक बार फिर से वेद अध्ययन, संध्या उपासना एवं ग्रंथों की ओर लौटना होगा।

प्रदेश अध्यक्ष पंडित रामजीवन शर्मा ने संगठन की स्थापना से लेकर वर्तमान तक के कार्यों का बयौरा देते हुए संगठन की रीति पर प्रकाश डाला। प्रदेश प्रधान महासचिव डॉ. मनोज शर्मा ने परशुराम रक्षक दल के कार्यों एवं आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए विप्र हितों के लिए कार्य करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित मनोहरलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पंडित रामजीवन शर्मा, हरियाणा प्रदेश प्रधानसचिव डॉ मनोज बलाली, प्रदीप शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष बालकिशन शर्मा, प्रदेश महासचिव रामेश्वर दाधीच, प्रदेश संगठन मंत्री ओमप्रकाश पंचोली, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, राष्ट्रीय महासचिव मनीष शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ जोशी, महेश बावलिया, महामंत्री एडवोकेट राम किशोर तिवारी, मुरलीधर शर्मा, सीआई अरविंद भारद्वाज, भंवर लाल गोरसिया, अमृतलाल सारस्वत आदि मंचासीन रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहरलाल शर्मा ने सरदारशहर इकाई के गठन की घोषणा करते हुए नारायणचंद नाथोलिया, मदनलाल बबेरवाल और गिरधारी लाल पारीक को सरंक्षक एवं तहसील अध्यक्ष के पद पर भरत गौड़, तहसील महामंत्री अशोक पारीक, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप झिकनाडिया, देहात अध्यक्ष वरुण शर्मा और देहात मंत्री सुशील पारीक के नामों की घोषणा करते हुए संपूर्ण कार्यकारणी के गठन के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी उपस्थित सभी विप्र बंधुओं ने करताल ध्वनि के साथ में नव मनोनीत कार्यकारिणी का स्वागत किया एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

शिक्षकों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की

चूरू, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला बैठक पर्यवेक्षक सुशीला कस्वां एवं जिला अध्यक्ष रामेश्वर खीचड़ की अध्यक्षता में चूरू शहर के सोती आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित की गई ।

शिक्षक समस्याओं पर मंथन करते हुए जिला मंत्री शिवकुमार शर्मा ने राजस्थान सरकार से अविलंब, संगठन के जिन कार्यकर्ताओं को पिछली सरकार में प्रताड़ित किया गया था। उनके स्थानांतरण इच्छित स्थान पर करने की मांग रखी एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना को जारी रखने , स्वास्थ्य परीक्षण शिक्षा विभाग की बजाय संबंधित विभाग से करवाने की मांग रखी।

इस अवसर पर सुजानगढ़ से रामोतार शर्मा ने संगठन के कार्यकर्ताओं को संबल देने के लिए प्रदेश कार्यकारिणी से आग्रह किया। राजगढ़ से वासुदेव शर्मा ने कार्यकर्ताओं से अपने अधिकारों को लेकर और ज्यादा सक्रिय होकर संघर्षशील रहने की अपील की । चूरू से प्रभु दयाल सिंगोदिया ने 1991 से 1997 के मध्य शिक्षा विभाग में नियुक्त शिक्षकों की पुनः नियुक्ति देने का मामला उठाया और यशोदा गोस्वामी ने शीघ्र पदोन्नति करने की मांग की । जिला अध्यक्ष रामेश्वर खीचड़ ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए नवीन कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपने की सलाह दी ।

गौशाला में चार गाय एवं एक नंदी दान किए

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं निवासी मुंबई प्रवासी भामाशाह रमाकांत टीबड़ेवाल द्वारा रोहा डायकैम प्रालि मुंबई के सौजन्य से श्री खेमी शक्ति मंदिर ट्रस्ट एवं रोटरी क्लब ऑफ मुंबई के तत्वावधान में श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं में चार गौ माता (पुंगनुर) एवं एक नंदी, जो कि बहुत ही उच्च नस्ल के हैं गौदान किए गए।

उपरोक्त गोदान कार्यक्रम विधिवत रूप से एक सितंबर श्री खेमी शक्ति मंदिर में बगड़ दादूद्वारा के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. अर्जुनदास महाराज एवं आरएसएस के प्रांत प्रचारक बाबूलाल के सानिध्य में संपन्न हुआ। मंच पर भामाशाह रमाकांत टीबड़ेवाल, श्रीकांत टीबड़ेवाल, श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं के अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, सचिव नेमी अग्रवाल, भाजपा नेता बबलू चौधरी, राजेंद्र भांबू, जिला गौ सेवा समिति के अध्यक्ष ताराचंद गुप्ता, जॉइंट कमिश्नर स्टेट टैक्स उमेश जालान, झुंझुनूं विभाग प्रचारक मुकेश, विनोद देवड़ा आदि जन उपस्थित थे। भामाशाह रमाकांत टीबड़ेवाल एवं महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. अर्जुनदास महाराज का स्वागत श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं एवं जिला गौ सेवा समिति द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन देते हुए भामाशाह रमाकांत टीबड़ेवाल ने पुंगनुर गाय की विशेषता एवं इसकी अन्य जानकारियों से अवगत करवाया तथा उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पेड़ पौधे लगाना, जल संरक्षण घरों में वाटर हार्वेस्टिंग करना तथा गांव गोद लेकर उनमें गरीब व्यक्तियों को नौकरी देना उन्हें स्वावलंबी बनाना इत्यादि अपने लक्ष्यों के बारे में बता कर सभी उपस्थित जन से आ ान किया कि इस दिशा में सभी को आगे आना चाहिए। सभा को श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, ताराचंद गुप्ता, बबलू चौधरी, राजेंद्र भांबू एवं प्रांत प्रचारक बाबूलाल एवं डॉ. अर्जुनदास महाराज ने संबोधित करते हुए भामाशाह रमाकांत टीबड़ेवाल द्वारा गौ सेवा के क्षेत्र में श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं को गौदान करने तथा उनके विचारों के बारे में उन्हें साधुवाद देते हुए कहा कि उनके प्रयास अवश्य सफल होंगे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान ने किया। सभा समाप्ति के पश्चात विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में पूजा अर्चना कर गोदान कार्यक्रम संपन्न हुआ।